नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## रंगमंच निर्देशन में डॉ.विधु खरे दास को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार घोषित

वर्धा, दि. 16 दिसंबर 2019 :महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रदर्शनकारी कला विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. विधु खरे दास को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ की ओर से रंगमंच निर्देशन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए अकादमी पुरस्कार घोषित किया गया है । उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के सचिव तरूण राज की ओर से भेजे गये पत्र में कहा गया है कि डॉ. विधु खरे दास को वर्ष 2018 के रंगमंच निर्देशन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु अकादमी पुरस्कार से विभूषित करने का निर्णय लिया गया है। उन्हें इस पुरस्कार के रूप में रुपये दस हजार एक, ताम्रपत्र एवं उत्तरीय प्रदान किया जाएगा।

